हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 23 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

12 टैगोर ने प्रथम और कलाम हाउस ने द्वितीय स्थान पाया



12 शिकायतों का निपटान पारदर्शी ढंग से किया जाए



## खबर संक्षेप

### रंजिशन हमला करने पर दो के खिलाफ केस
**जींद।** गांव सिघपुरा मोड़ पर रंजिशन हमला कर युवक को घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रत्ताखेड़ा निवासी मनीष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव सिंघपुरा मोड पर गांव के ही जस्सू तथा प्रदीप से कहासुनी हो गई।

### बस स्टैंड के गेट के सामने मिला शव
**कैथल।** बस स्टैंड के गेट के सामने ऑटो स्टैंड की तरफ तख्त पर करीब 40 वर्षीय व्यक्ति का शव पाया। शव मिलने से आसपास में सनसनी फैल गई। जैसे ही ऑटो ड्राइवरों ने शव को देखा, तो तुरंत इसकी सूचना डायल 112 की टीम व सिविल लाइन पुलिस को दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचाया।

### गाड़ी तोड़ने पर आठ लोगों पर मामला दर्ज
**जींद।** गांव खरकरामजी में मारपीट करने तथा गाड़ी के शीशे तोड़ने पर सदर थाना पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खरकरामजी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस गाड़ी में सवार होकर गांव से गुजर रह था। उसी दौरान गांव के ही अजय तथा साथियों ने उसे घेर लिया और साथ मारपीट कर गाड़ी के शीशे तोड़ दिए।

### बाइक चोरी करने के मामले में आरोपी काबू
**कैथल।** बाइक चोरों पर एसपी उपासना के आदेशानुसार शिकंजा कसते हुए चौंकी पुंडरी पुलिस द्वारा एक मामले में एक आरोपी को काबु किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पंच पीर मोहल्ला पुंडरी निवासी तारा चंद की शिकायत अनुसार 19 दिसम्बर को उसके घर के बाहर गली में खड़ी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया।

### नाबालिग लड़की लापता अपहरण का मामला दर्ज
**जींद।** अलेवा थाना इलाका गांव से नाबालिग युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर अलेवा थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उचाना थाना इलाका गांव की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का सुराग नही लगा।

### ट्रक से बैटरियां चोरी के मामले में आरोपी काबू
**कैथल।** क्षेत्र में ट्रक से बैटरियां चोरी करने के मामले की जांच चौकी अनाज मंडी पुलिस प्रभारी एएसआई दयानन्द की अगुवाई में एएसआई राकेश कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी सैंसी बस्ती कैथल निवासी बंटी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता गांव बाउपुर निवासी दिलबाग सिंह ट्रक चालक के रूप में कार्य करता है।

### फोन छीनने के मामले में नाबालिग निरुद्ध
**कैथल।** युवक का मोबाइल छीनकर फरार होने के मामले की जांच थाना चीका पुलिस एसएचओ पीएसआई अमन की अगुवाई में एएसआई जसवीर सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी रामथली समाधा निवासी एक 17 वर्षीय नाबालिग को निरुध किया है।

### युवक को चाकू मारने के मामले में आरोपी दबोचा
**कैथल।** थाना तितरम क्षेत्र के गांव शेरगढ़ स्कूल के बाहर एक युवक पर चाकू से वार कर जानलेवा हमला के मामले में थाना तितरम पुलिस के एसआई जोगिंदर की टीम द्वारा आरोपी बलराज नगर कैथल निवासी पवन उर्फ पोना को काबू कर लिया। डीएसपी सुशील ने बताया कि 19 की शाम गांव शेरगढ़ स्कूल के बाहर कई युवको ने एक युवक का रास्ता रोककर चाकू से कातिलाना हमला किया गया था।

# डीसी और एसपी ने समारोह स्थल का दौरा कर लिया तैयारियों का जायजा

## मुख्यमंत्री बतौर मुख्यातिथि करेंगे शिरकत, जगतगुरु स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जयंती की तैयारियां पूर्ण, सजा पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड/कैथल

हरियाणा सरकार द्वारा मंगलवार को गांव चुहड़ माजरा में आयोजित होने वाले जगतगुरु स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी के राज्य स्तरीय जयंती समारोह को लेकर भव्य पंडाल सज चुका है। सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस गौरवशाली कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस जयंती समारोह को लेकर गांव चुहड़ माजरा और पूरे कैथल जिले में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सोमवार को डीसी अपराजिता और एसपी



**कैथल।** डीसी अपराजिता तथा एसपी उपासना पंडाल का निरीक्षण करते।

उपासना ने अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समारोह स्थल का सघन दौरा किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था से लेकर जन-सुविधाओं तक की अंतिम समीक्षा की। डीसी ने स्पष्ट किया कि ये आयोजन अत्यंत

**इ्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त**

डीसी अपराजिता ने कहा कि मंच, पार्किंग और विभिन्न सेक्टरों के लिए अलग-अलग ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। दूसरे जिलों से आने वाली बसों और वाहनों के लिए पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं और रास्तों पर आवश्यक साइन बोर्ड (संकेतक) लगाए गए हैं। पीने के पानी, भोजन और विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है। डीसी अपराजिता ने अधिकारियों को हिदायत दी कि ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारी निर्धारित समय पर अपने स्थान पर मौजूद रहें।

हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ मनाया जाएगा, जिसके लिए पूरे परिसर को भव्य रूप दिया गया है। समारोह को सुव्यवस्थित रखने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं। मुख्य पंडाल को 6 सेक्टरों में विभाजित किया है ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। मुख्य स्टेज के साथ-साथ संत-महात्माओं और सांस्कृतिक कलाकारों के लिए अलग से मंच तैयार किए गए हैं। वीआईपी और आम जनता के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वारों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर प्रेस गैलरी, मीडिया गैलरी और एक भव्य प्रदर्शनी क्षेत्र भी बनाया गया है। समारोह स्थल पर 108 हवन कुंड बनाए गए हैं। जहां सुबह 10 बजे से हवन यज्ञ शुरू हो जाएगा। अध्यात्म एवं शुद्धि के प्रतीक इन कुंडों में हजारों श्रद्धालु सामूहिक रूप से आहुति डालकर जगतगुरु स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।एसपी उपासना ने पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा चक्र की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स लगाई गई है। इस अवसर पर एडीसी सुशील कुमार, डीएमसी कपिल शर्मा, सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश, एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार, गुहला एसडीएम कैप्टन प्रमेश कुमार, कलायत एसडीएम अजय हुड्डा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## दिन में चार घंटे तक निकली धूप से अधिकतम तापमान में वृद्धि

# आमजन को दिन में मिली ठंड से राहत, शाम को फिर छाया कोहरा

## जींद का अधिकतम तापमान 20 डिग्री, न्यूनतम रहा 10 डिग्री सेल्सियस

**24 के बाद मौसम परिवर्तनशील हो जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिछले चार दिन से चल रही शीत लहर से लोगों को सोमवार को कुछ राहत मिली। दिन में सूर्य देवता ने दर्शन दिए और चार घंटे के लिए धूप निकली और ठंडी हवा भी नहीं चली। इससे अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। न्यूनतम तापमान भी बढ़ गया। ऐसे में ठंड से काफी राहत मिली। सोमवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री व न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम को पांच बजे फिर से कोहरा गिरना शुरू हो गया। हवा की गति पांच किलोमीटर प्रति घंटा रही तथा हवा में नमी की मात्रा 64: रही। सुबह नौ बजे के आसपास कोहरा छंटने लग गया था। रात को भी हवा चलने के कारण कोहरा हल्का ही रहा। पिछले चार दिन से ठंडी हवाएं चलने से शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया था। तापमान भी छह डिग्री तक पहुंच गया था। दिन में धूप बहुत ही कम निकलने के कारण कोहरा छाया रहता था। सोमवार सुबह नौ बजे से पहले ही कोहरा छंटना शुरू हो गया। 12 बजे के आसपास धूप निकली और शाम चार बजे तक रही। पांच बजे के बाद फिर से कोहरा गिरना शुरू हो गया। हवा की गति कम होने के कारण शीतलहर कम हुई। इससे लोगों को काफी राहत मिली। रात को कोहरा ज्यादा होने के कारण दृश्यता 10 मीटर के आसपास रही। जबकि दिन में मौसम साफ रहा।



**कैथल।** सुबह के समय मेन रोड पर धुंध में चलते वाहन। *फोटो :हरिभूमि*

**ठंड कर रही थी स्वास्थ्य को प्रभावित**

पिछले चार दिन से ठंडी हवाएं चल रही थी। दो दिन तक धूप भी बहुत कम निकली। इस कारण शीतलहर बढ़ रही थी। ठंडी हवाएं चलने के कारण इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा था। बच्चे तथा बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ रहा था। नागरिक अस्पताल में ओपीडी बढ़ रही थी। कृषि विशेषज्ञों के अनुसारी पहाड़ों पर बर्फबारी होने के कारण ठंड बढ़ गई है। यह फसलों के लिए लाभकारी है। 24 दिसंबर के बाद मौसम परिवर्तनशील हो जाएगा। अभी तापमान फसलों के लिए काफी उचित है। किसानों को अपनी फसलों में हो सके तो हल्की सिंचाई करनी चाहिए। आलू की फसल को किसी तिरपाल आदि से ढकने की जरूरत है।

**बाजार सुनसान, वाहन रेंगते नजर आए**

**कैथल/सीवन।** सोमवार सुबह एक बार फिर क्षेत्र में घना कोहरा छा गया, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई। हालात ऐसे रहे कि दूर तक कुछ भी साफ नजर नहीं आ रहा था। सड़कों पर वाहन चालक बेहद सतर्क दिखाई दिए और वाहन बहुत ही धीमी गति से एक-दूसरे के पीछे लंबी कतारों में चलते नजर आए। कोहरे के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित रही और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कड़ाके की ठंड का असर दोपहर तक बना रहा। धूप न निकलने के कारण बाजारों में ग्राहक नदारद रहे और अधिकतर दुकानदार हाथ पर हाथ धरे बैठे नजर आए। ठंड के कारण सामान्य जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया। सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों को झेलनी पड़ी, जिन्हें इस भीषण ठंड में स्कूल जाना पड़ा। हालांकि स्कूलों के समय में देरी की गई थी, लेकिन ठंड इतनी अधिक थी कि बदले हुए समय में भी स्कूल पहुंचना बच्चों के लिए कठिन साबित हुआ। पूरे दिन ठंड और धुंध ने अपने तेवर दिखाए। मौसम की गंभीरता को देखते हुए कई लोगों ने अपने बाहर जाने के कार्यक्रम स्थगित कर दिए। लोगों का कहना था कि ऐसे मौसम में सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है और जब तक अत्यंत आवश्यक न हो, घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए।

**धुंध के कारण रेलगाड़ी हो रही लेट**

**जींद।** धुंध के कारण ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है। सोमवार को 20423 पालाकोट एक्सप्रेस सुबह छह बजे की जगह छह बजकर 42 मिनट पर जींद पहुंची। ट्रेन नंबर 22485 फिरोजपुर कैंट इंटरसिटी एक्सप्रेस सुबह नौ बजे की जगह दोपहर बाद तीन बजकर 39 मिनट पर पहुंची। ट्रेन नंबर 15733 फरक्का एक्सप्रेस सुबह 9 : 18 की जगह 9:53 पर पहुंचा। ट्रेन नंबर 20409 बठिंडा सुपरफास्ट 9:37 की जगह दस : 32 पर जींद पहुंची। ट्रेन नंबर 12481 श्री गंगानगर इंटरसिटी एक्सप्रेस दोपहर बाद 3 : 16 की जगह 3: 57 पर पहुंची। ट्रेन नंबर 54035 दिल्ली-जाखल पैसेंजर छह बजकर 55 मिनट की जगह पौने दस बजे जींद पहुंची। ट्रेन नंबर 14024 दिल्ली-कुरुक्षेत्र डीएमयू सुबह 7: 40 की जगह आठ बजकर 42 मिनट पर जींद पहुंची। ट्रेन नंबर 20424 पाताकोट एक्सप्रेस आठ बजकर 56 मिनट की जगह 10 बजकर 46 मिनट पर जींद पहुंची। ट्रेन नंबर 19804 श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस 10 बजकर 42 मिनट की जगह 11 बजकर 37 मिनट पर ट्रेन जींद पहुंची। 12482 गंगानगर इंटरसिटी एक्सप्रेस सुबह 11 बजे की जगह दोपहर 12 बजकर 12 मिनट पर जींद पहुंची। ट्रेन नंबर 54037 कुरुक्षेत्र-जींद पैसेंजर ट्रेन दोपहर 12 बजकर 10 मिनट की जगह दोपहर एक बजकर 32 मिनट पर जींद पहुंची। ट्रेन नंबर 54044 हिसार-जींद पैसेंजर ट्रेन दोपहर एक बजे की जगह दो बजकर 51 मिनट पर जींद पहुंची।



**जुलाना।** बस स्टैंड पर खड़ी निजी स्कूलों की बसें। *फोटो :हरिभूमि*

## आगे भी जारी रहेगा अभियान : सन्नी

# जुलाना : बिना कागजात चल रही दो स्कूल बसें इंपाउंड की

**सुरक्षा व वैधता को लेकर विभाग ने अभियान चलाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे और आसपास के गांवों में निजी स्कूलों की बसों की सुरक्षा व वैधता को लेकर विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन कर रही दो स्कूल बसों को इम्पाउंड किया गया। दोनों बसें बिना आवश्यक कागजात के सड़कों पर दौड़ रही थी, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टर सन्नी ने बताया कि विभाग को शिकायतें मिल रही थी कि कुछ निजी स्कूल बसें बिना नियमों का पालन किए संचालित की जा रही हैं। इसी के चलते विभागीय टीम ने पौली गांव के पास चेकिंग अभियान चलाया। जांच के दौरान दो बसों को रोका गया। जिनके पास प्रदूषण प्रमाण पत्रए परमिट और बीमा जैसे अनिवार्य दस्तावेज नहीं पाए गए। इसके अलावा बसों में सीसी टीवी कैमरे और प्राथमिक उपचार बॉक्स भी उपलब्ध नहीं थे। जो स्कूल बसों के लिए अनिवार्य हैं। जांच में यह भी सामने आया कि दोनों बसों में महिला हेल्पर की व्यवस्था नही थी। जबकि नियमों के अनुसार बच्चों की सुरक्षा और देखरेख के लिए लेडी हेल्पर का होना जरूरी है। ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टर ने बताया कि इस तरह की लापरवाही बच्चों की जान के लिए खतरा बन सकती है और विभाग इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। सन्नी ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। सभी निजी स्कूल संचालक अपने वाहनों के सभी कागजात पूर्ण रखें और सुरक्षा मानकों का पालन करें, अन्यथा कठोर कदम उठाए जाएंगे।

# सड़क हादसे में मरे व्यक्ति के शव को कुत्तों ने नौचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव खटकड़ तथा बड़ौदा के बीच बीती रात जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिसके शव के काफी हिस्सों को कुत्तों ने नौंच खाया। शिनाख्त न होने के कारण शव को नरवाना नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। उचाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खटकड़ तथा बड़ौदा के बीच जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर बीती देर रात वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों ने कुत्तों को एक शव को नौचते देखा। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा। शव के काफी हिस्से को कुत्ते नौच कर खा चुके थे। मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष है। खाने वाली शर्ट पहनी हुई है। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति सड़क हादसे का शिकार हुआ है। जिसके बाद कुत्तों ने उसके मांस को नौच कर खा लिया। शिनाख्त न होने के कारण शव को नरवाना नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। उचाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ट्राली पलटने से एक महिला की मौत
**कैथल।** कैथल के गांव म्योली के पास सड़क हादसा हो गया। तीव्र मोड़ पर ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से एक महिला की मौत हो गई जबकि कई महिलाएं व बच्चे चोटिल हो गए। सभी को इलाज के लिए जिला नागरिक अस्पताल व अन्य निजी अस्पतालों में दाखिल करवाया है। मृतका की पहचान गांव मूंदड़ी निवासी करीब 32 वर्षीय पूनम के रूप में हुई है। एक महिला बाला देवी को भी चोटों के कारण हालत को देखते करनाल दाखिल किया है। अन्य घायलों का इलाज सरकारी व निजी अस्पतालों में चल रहा है। ट्राली में 50 से ज्यादा लोग सवार थे। हादसे की सूचना मिलने पर पूर्व विधायक लीला राम ने अस्पताल पहुंच घायलों का दुःख-दर्द जाना।

# परिवहन समिति की बस अनियंत्रित होकर खेत में उतरी

**कुछ यात्रियों को आई हलकी चोटें, बड़ा हादस टला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अंटा के निकट सोमवार को उस समय बड़ा हादसा टल गया। जब पानीपत से सफीदों आ रही परिवहन समिति की बस अनियंत्रित होकर खेत में घुस गई। जिसमें बस सवार कुछ यात्रियों को हलकी चोटें आई हैं। घटना के बाद चालक मौके से फरार हे गया। बस के अनियंत्रित होने के पीछे अलग-अलग कारण बताए जा रहे हैं। पानीपत बस अड्डे से सोमवार को परिवहन समिति की बस सफीदों के लिए लगभग 30 यात्री लेकर रवाना हुई थी। पानीपत रोड पर गांव



**जींद।** हादसे के बाद मौके पर मौजूद यात्री। *फोटो :हरिभूमि*

अंटा के निकट बस अनियंत्रित हो कर खेतों में उतर गई। गनीमत यह रही कि बस किसी पेड़ से नही टकराई। बावजूद इसके कुछ यात्रियों को हलकी चोटें आई। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। बस में सवार यात्रियों का कहना था कि बस की स्पीड ज्यादा थी। दूसरे वाहन को ओवरटेक करने के दौरान बस अनियंत्रित हुई। जबकि यह भी



बताया जा रह है कि सड़क पर गड्ढे होने के कारण बस के स्टेयरिंग का बेरिंग खराब होने के कारण बस अनियंत्रित हो कर खेतों में उतर गई। घटना के बाद यात्रियों को दूसरी बस से गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। बाद में क्रेन की सहायता से बस को हटा दिया गया।



**कैथल।** जिला राजस्व अधिकारी को ज्ञापन सौपते कामरेड प्रेम चंद व अन्य।

**वामपंथी पार्टियों ने लघु सचिवालय पर दिया धरना**

**कैथल।** वामपंथी पार्टियों के देशव्यापी आह्वान की कड़ी में आज़ लघु सचिवालय कैथल में वामपंथी पार्टियों माकपा व भाकपा द्वारा जसबीर सिंह व हरभजन सिंह की अध्यक्षता में धरना दिया। धरने का संचालन माकपा के जिला सचिव सतपाल आनंद ने किया। माकपा के प्रदेश सचिव कामरेड प्रेम चंद ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने के बाद अच्छे दिन लाने की बात की थी। परन्तु भाजपा शासन के 11 साल बीत जाने के बाद अच्छे दिन का आज़ हस्र क्या है ? बेरोजगारी, आय में गिरावट, महंगाई,कुपोषण, भुखमरी, रुपए की कीमत का गिरना, बढ़ते आर्थिक संकट ने देश में भयावह स्थिति पैदा कर दी है। ऐसे हालत में अच्छे दिन कहना बेमानी होगी। लोगों का जीवन बेहतर बनाने की बजाय भाजपा सरकार बड़े कोरपोरेट /पूँजीपतियों, भूस्वामियों के मुनाफे बढ़ाने के लिए कानूनों में परिवर्तन ला रही है।

# गारंटी के तौर पर दिए चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर 10 लाख रुपये निकाले

- पुलिस ने आढ़ती की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ढांड में एक आढ़ती ने दूसरे आढ़ती को गारंटी के तौर पर दिए बैंक चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर उसके खाते से 10 लाख रुपये निकलवाने का आरोप लगाया है। जब आढ़ती बैंक में अपने खाते की जांच करवाने के लिए गया तो उसे रुपए निकलने की जानकारी दी। मामले में ढांड थाना पुलिस ने आढ़ती की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले के जांच अधिकारी एएसआई राजेंद्र ने बताया कि ढांड थाना पुलिस को दी गई शिकायत में ढांड निवासी तरसेम ने आरोप लगाया कि उनका नई अनाज मंडी स्थित मैसर्ज रमेश चंद सतीश कुमार आढ़ती फर्म के साथ लेन देन था। जिसकी एवज में उन्होंने गारंटी के तौर पर खाली चेक इस फर्म के मालिक को दिया हुआ था। इस फर्म के मालिक ने उस चेक पर जाली हस्ताक्षर करके उनके बैंक खाते से 10 लाख रुपए की राशि निकाल ली है।




**मामले की जांच जारी**

शिकायतकर्ता ने कहा कि बाद में उस आढ़ती ने उसको बिना बताए इस चेक पर उसके फर्जी हस्ताक्षर करके बैंक खाते से 10 लाख रुपये निकलवा लिए। ये रुपए आरोपी ने जुलाई माह में निकाले हैं। जब वह बैंक में गया, तो उसके खाते से रुपए कटने के बारे में जानकारी मिली। शिकायतकर्ता ने कहा कि ऐसा करके आरोपी ने उसके साथ 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। ढांड थाना के जांच अधिकारी राजेंद्र ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर आरोपी आढ़ती के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ठगों ने दो लोगों के खातों से उड़ाए 15 लाख रुपये
**जींद।** जिले में साइबर ठगों ने दो लोगों के फोन हैक कर उनके बैंक खातों से लगभग 15 लाख रुपये की राशि को दूसरों को ट्रांसफर कर दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दालमवाला निवासी प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 13 दिसंबर को फोन चार्जिंग पर लगा कर खेत में चला गया। जब अगले दिन उसने फोन को संभाला तो उसके फोन पर ओटीपी नंबर आए हुए थे और खाते से सात लाख 11 हजार 971 रुपये गायब थे। जबकि उसने ओटीपी नंबर भी किसी के साथ शेयर नही किया। वहीं जवाहर नगर निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 12 दिसंबर से 16 दिसंबर तक उसके बैंक खाते से सात लाख 74 हजार 983 रुपये गायब हो गए।

## खबर संक्षेप

### अरूण चंद्र मुनि के प्रवेश पर नमोकार मंत्र से गूंजेगा उचाना

**उचाना।** गुरू मया मदन सुदर्शन संघ प्रमुख बनने के बाद पहली बार उचाना पहुंच रहे अरूण चंद्र मुनि महाराज के प्रवेश को लेकर 22 पंथ एसएस जैन स्थानक में तैयारियों को अंतिम चरण देने के लिए मीटिंग हुई। बड़ौदी से विहार करके अरूण चंद्र मुनि महाराज 23 दिसंबर को बड़ौदा पहुंचेंगे। बड़ौदा से 24 को विहार कर उचाना पहुंचेंगे।

### सृष्टिकर्ता भगवान वाल्मीकि सेवा समिति की बैठक हुई

**जींद।** सृष्टिकर्ता भगवान वाल्मीकि सेवा समिति की बैठक भिवानी रोड वाल्मीकि कॉलोनी स्थित कार्यालय में समिति प्रधान विशाल टांक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान प्रधान द्वारा उपस्थित सदस्यों के समक्ष अवगत कराया गया कि समिति द्वारा समाज के बच्चों एवं युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से निरंतर कार्य किया जा रहा है। उद्देश्य को ध्यान में रखते समिति के तहत शैक्षणिक प्रभाग के गठन पर विचार किया गया।

### मैनुअल स्कैवेंजिंग मुक्त जिला घोषित

**जींद।** जिला मजिस्ट्रेट मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि मैनुअल स्कैवेंजर के रूप में रोजगार के निषेध और उनके पुनर्वास अधिनियम 2013 तथा भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत जिला जींद को मैनुअल स्कैवेंजिंग मुक्त घोषित किया गया है।

### पुलिस ने छापेमारी कर 400 लीटर लाहण पकड़ा

**जींद।** शहर थाना सफीदों पुलिस ने रांगड़ान मोहल्ला में एक मकान पर छापेमारी कर 400 लीटर लाहण बरामद की है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना सफीदों पुलिस को सूचना मिली थी कि रांगड़ान मोहल्ला निवासी गुरजीत अवैध शराब का कारोबार करता है। जो कच्ची शराब निकालने की तैयारी कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने गुरजीत के मकान पर छापेमारी की तो वहां पर 400 लीटर लाहण बरामद हुई।

### रक्तदान शिविर में 65 ने किया रक्तदान

**जींद।** मां भारती सेवा समर्पण सोसाइटी मेट्रो अस्पताल व ग्राम पंचायत गांव करेला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 65 रक्तदानियों ने अपना रक्तदान किया। रक्तदान महादान है, गांव में सभी नौजवान व बुजुर्गों ने इस रक्तदान में अपने हिस्सेदारी दिखाई। जिसमें एक मिसाल यह भी देखने को मिल। जलकरण पुत्र विजय दोनों पिता व पुत्र ने एकत्रित रक्तदान दिया।

### डीएन स्कूल में गणित दिवस पर कार्यक्रम

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में गणित दिवस के अवसर पर गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह दिवस महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। इसमें उनके गणित के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया। गणित विभाग से सोहन, प्रीति, मुस्कान, नीरू और कमला की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा आठवीं तक के छात्रों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

### एग्रीस्टैक से योजनाओं का लाभ होगा तेज

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में जिला जींद में केंद्र सरकार के डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत एग्रीस्टैक किसान पंजीकरण अभियान की शुरुआत कर दी है। अभियान का उद्देश्य किसानों का प्रमाणिक डिजिटल डाटाबेस तैयार कर सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें समयबद्ध, पारदर्शी और सरल तरीके से उपलब्ध कराना है।

### गुरुकुल विद्यापीठ के छात्र ने जीता गोल्ड

**जींद।** हरियाणा राज्य बीच ग्रेपलिंग प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा ग्रेपलिंग कमैटी द्वारा 20-21 दिसंबर को पंडित लख्मीचंद धर्मशाला बहादुरगढ़ में किया गया। प्रतियोगिता में गुरुकुल विद्यापीठ पांडु पिंडारा के विज्ञान संकाय के छात्र नवीश (कक्षा 11वीं) ने 52 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

---

### शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में अंतर-सदन गणित प्रतियोगिता

# टैगोर ने प्रथम और कलाम हाउस ने द्वितीय स्थान पाया

### छात्रों ने गणित में दक्षता का किया शानदार प्रदर्शन

**शिक्षा में गणित का ज्ञान अत्यंत आवश्यक**

हरिभूमि न्यूज ▸▸। नरवाना



नरवाना। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में आज नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए रोचक अंतरसदन गणित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल के चारों हाउस रमन हाउस, कलाम हाउस, टेरेसा हाउस और टैगोर हाउस के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रत्येक श्रेणी में दो चरणों में प्रतियोगिता आयोजित की गई। पहला चरण लिखित गणित परीक्षा दूसरा चरण हाउस वाइज मौखिक गणितीय प्रश्नोत्तरी बच्चों ने इस प्रतियोगिता में अद्भुत जोश और उत्साह प्रदर्शित किया। नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के सभी छात्रों ने गणित में दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रत्येक हाउस के छात्रों ने गणितीय समस्याओं को हल करने में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के सभी बच्चों को चार ग्रुप में विभाजित किया गया। नर्सरी से यूकेजी को पहले ग्रुप में पहली से दूसरी कक्षा को दूसरे ग्रुप में, तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों को तीसरे ग्रुप में, छठी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को चौथे ग्रुप में और बांटा गया। नर्सरी से यूकेजी कक्षा के बच्चों ने गिनती और बुनियादी जोड़ घटाव में बहुत सुंदर प्रदर्शन दिखाया जिसमें टैगोर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और कलाम हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पहली से दूसरी कक्षा तक के बच्चों में टैगोर हाउस ने प्रथम स्थान तथा कलाम हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों में टैगोर हाउस ने प्रथम स्थान और कलाम हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छठी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों में टेरेसा हाउस ने पहला स्थान तथा टैगोर हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कड़े मुकाबले के बाद परिणाम घोषित किए गए जिसमें सभी हाउस के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद बच्चों ने जटिल गणितीय समस्याओं के उत्तर देने में अपनी योग्यता दिखाई। प्रत्येक कक्षा के लिए उनकी उम्र के अनुरूप गणित के प्रश्नों का चयन किया गया था। प्रधानाचार्य अनिल चहल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते कहा कि प्रारंभिक शिक्षा में गणित का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। मुझे खुशी है कि हमारे बच्चे गणित की बुनियादी अवधारणाओं को इतनी अच्छी तरह से सीख रहे हैं। यह प्रतियोगिता न केवल उनकी गणितीय सोच को बढ़ाएगी बल्कि उनमें समस्या समाधान का कौशल व आत्मविश्वास भी पैदा करेगी। गणित विज्ञान और प्रौद्योगिकी की नींव है और इसका सही ज्ञान हर बच्चे के लिए जरूरी है।

**गतिविधियां आयोजित**

कार्यक्रम में उपस्थित डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान ने अपने संबोधन में कहा कि गणित का मजबूत आधार तार्किक चिंतन और विश्लेषणात्मक क्षमता की नींव रखता है। चेयरमैन प्रवीण कुमार ने कहा कि विद्यालय में नियमित रूप से इस प्रकार की गणितीय गतिविधियां आयोजित की जाती हैं ताकि बच्चों का समग्र विकास हो सके।

---

# गणित प्रतियोगिता का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸। जींद

स्थानीय एसपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल जींद में मैथ डे के अवसर पर बच्चों के अंदर गणित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागी बच्चों तथा अध्यापकों को विद्यालय के चेयरमैन बीएस गर्ग ने मैथ दिवस की बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने बोलते हुए कहा कि हम प्रतिवर्ष गणित दिवस मनाते हैं। एक ऐसा दिन जब हम गणित की सुंदरता और ताकत को सलाम करते हैं। गणित सिर्फ संख्याएं और फॉर्मूले नही हैं, यह एक भाषा है जो हमें दुनिया को समझने में मदद करती है।


जींद। प्रस्तुति देते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

**गणित को अपनाएं**

प्रकृति के पैटर्न से लेकर हमारे फोन की तकनीक तक, गणित हर जगह है। ये हमें समस्याएं हल करने, फैसले लेने और दुनिया के रहस्यों को खोलने में मदद करता है। हम गणित को अपनाएं, खुद को चुनौती दें और इसके जादू को जानें। जैसा श्रीनिवास रामानुजन ने कहा कि एक समीकरण तब तक मेरे लिए कुछ नही जब तक ये भगवान के विचार को व्यक्त नहीं करता। उन्होंने बच्चों को संख्याओं को अपना दोस्त बनाने के लिए कहा।


जींद। कानून की प्रतियां जलाते हुए वामपंथी पार्टियों के कार्यकर्ता।

### राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**जींद।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा थौपे गए विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम 2025 (वीबी जीराम जी) को तत्काल रद्द करने की मांग को लेकर सोमवार को वामपंथी पार्टियों ने शहर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कानून की प्रतियां जला कर आक्रोश व्यक्त किया और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर मांग की कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को मजबूत बनाय जाए। सीपीआईएम व सीपीआई के आह्वान पर कार्यकर्ता पुराने बस अड्डे पर एकत्रित हुए और बैठक की। वरिष्ठ नेता प्रकाश चंद्र, सीपीआई के सतपाल सरोहा ने सभा को संबोधित करते हुए इस कानून को ग्रामीण मेहनतकशों पर सबसे बड़ा हमला करार दिया। यह तथाकथित वीबी जीरामजी कानून जिसे विपक्ष जी राम जी बिल कह रहा है, मनरेगा पर बुलडोजर चलाने का काम कर रहा है। यह 2005 के ऐतिहासिक मनरेगा को पूरी तरह निरस्त कर उसकी जगह ले रहा है।

### विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाएं होंगी सम्मानित

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाएं राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए 26 दिसंबर तक आवेदन कर सकती हैं। इच्छुक महिलाएं महिला एवं बाल विकास कार्यालय में 26 दिसंबर तक अपने आवेदन जमा करवा सकती हैं। डीसी ने बताया कि इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के लिए एक लाख 50 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के लिए एक लाख रुपये व प्रशस्ति पत्र, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के लिए एक लाख रुपये व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

---

### वाइब्रेक के उद्देश्यों की दी जानकारी

**जींद।** जिला जींद के समस्त योग सहायकों की मासिक बैठक एवं योग प्रशिक्षण दिवस का आयोजन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी जींद के दिशा-निर्देशन में किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला योग समन्वयक डा. योगेश कुमार ने की। मुख्यअतिथि के रूप में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला उपस्थित रहे। इस अवसर पर डा. योगेश कुमार ने वाइब्रेक कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वाइब्रेक कार्यक्रम के माध्यम से हम प्रत्येक विभाग के प्रत्येक कर्मचारी तक योग व आयुष सेवाएं पहुंचा कर उनका स्वास्थ्य सुदृढ़ कर सकते हैं। इससे कर्मचारियों की केवल शारीरिक सेहत ही बेहतर नहीं होगी बल्कि उनकी कार्य क्षमता व कार्य संतुष्टि भी बढ़ेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने कहा कि 21 दिसंबर को विश्व भर में वर्ल्ड मेडिटेशन डे मनाया जाता है। हमें ध्यान के माध्यम से चेतना के उच्चतम स्तर की ओर निरंतर अग्रसर होना चाहिएद्ध क्योंकि अधिकांश बीमारियों की जड़ हमारे मन की अव्यवस्था में होती है।


जींद। मीटिंग में भाग लेते योग सहायक। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। ग्राऊंड का उद्घाटन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### वेदा इंटरनेशनल स्कूल मे बास्केटबॉल ग्राउंड का उद्घाटन

**नरवाना।** वेदा इंटरनेशनल स्कूल मे आज बास्केट बॉल ग्राउन्ड का विधिवत रूप से उद्घघाटन किया गया। प्राचार्या सिल्की चोपड़ा ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता चेयरपर्सन मंजु मित्तल ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप मे अग्रवाल वैश्य समाज की प्रधान अनुराधा गुप्ता व कनिका गुप्ता ने शिरकत की । इस अवसर पर इन्टर हाउस बास्केट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे दशरथ मांझी हाउस विजेता रहा। विजेता टीम को अतिथियों तथा विद्यालय की प्रबंध समिति ने पुरस्कृत किया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर सुरेश मित्तल ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ.साथ खेलकूद में भी अव्वल रहना चाहिए। आज के दौर में जहां बच्चे पढ़ाई के बाद अपना समय मोबाइल टीवी में बिताते हैं वह समय यदि किसी खेल में रूचि दिखाएं जिससे जिससे शरीर तो स्वस्थ होगा साथ ही मन भी प्रसन्न रहेगा। विद्यालय कमेटी सदस्य विपुल मित्तल ने इस अवसर पर आए हुए अतिथियों का विद्यालय परिसर में पहुंचने पर स्वागत किया।

### बिजली कर्मियों के आंदोलन में शामिल होगा महासंघ : नैन

**जींद।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ जिला जींद की कार्यकारिणी की बैठक पब्लिक हेल्थ कार्यालय में जिला प्रधान कृष्ण नैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन राज्य सचिव हीरामल नरवाल ने किया। बैठक में समस्त जिला कार्यकारिणी, सभी आठों ब्लॉकों के प्रधानएसचिव व उनकी कार्यकारिणी, हरियाणा कर्मचारी महासंघ में आस्था रखने वाले सभी विभागीय यूनियन के राज्य कार्यकारिणी के सदस्य, जिला प्रधान, डिपो प्रधान, सर्कल सचिव, यूनिट प्रधान व सचिव, ब्रांच प्रधान व सचिव, सब डिपो प्रधान व सचिव और अन्य जुझारू कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। मीटिंग में हरियाणा कर्मचारी महासंघ की आगामी रणनीति, पूर्व में किए गए कामों की समीक्षा, सभी ब्लॉक व तहसीलों की मेम्बरशिप तथा आगामी 2026-29 के चुनाव के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। मीटिंग में बिजली विभाग में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में जो एचएसईबी वर्कर यूनियन का आंदोलन चला हुआ है, इसकी समीक्षा की गई तथा सरकार को चेतावनी दी गई कि या तो निगम मैनेजमेंट ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को समय रहते रद्द करे।


जींद। पब्लिक हेल्थ कार्यालय में मीटिंग में भाग लेते हरियाणा कर्मचारी महासंघ सदस्य।


उचाना। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल। फोटो :हरिभूमि

### राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया

**उचाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल उचाना कलां में राष्ट्रीय गणित दिवस बड़े उत्साह एवं शैक्षणिक वातावरण के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य अशोक नैन ने विद्यार्थियों को गणित के महत्व से अवगत कराया और कहा कि गणित न केवल शिक्षा का आधार है बल्कि दैनिक जीवन में भी अत्यंत उपयोगी है। विद्यार्थियों को गणित के प्रति भय दूर कर इसे रुचिकर विषय के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। गणित विभाग की ओर से अश्वनी कुमार, प्रदीप कुमार एवं बिजेंद्र दहिया ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---



उचाना। राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी।

### राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित

**उचाना।** चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया। कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। विभिन्न गणितीय मॉडल एवं गतिविधियां प्रस्तुत की गई। विद्यार्थियों ने घड़ी की सहायता से समय देखना, मापन से संबंधित मॉडल, घन, घनाभ और बेलन जैसे आकारों पर आधारित रोचक गतिविधियों के माध्यम से गणितीय अवधारणाओं को सरल और व्यवहारिक रूप में समझा। प्रधानाचार्या रितु देवी ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में गणित के प्रति भय दूर कर उसे रोचक बनाती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन रीतिका, अजय की अहम भूमिका रही।

# पोषण के साथ पढ़ाई भी जरूरी : सुमन

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸। जींद


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 दिसंबर से 24 दिसंबर तक प्रतिदिन सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक सफीदों रोड स्थित रविदास धर्मशाला में आयोजित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी जींद ग्रामीण व जींद शहरी सुमन ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करना, प्रारंभिक बाल शिक्षा को मजबूत करना तथा कुपोषण जैसी गंभीर समस्या से प्रभावी रूप से निपटना है। प्रशिक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों की आयु के अनुसार संतुलित पोषण आहार उपलब्ध करवाने, स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं की उचित देखभाल तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ सही पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए पोषण के साथ-साथ शिक्षा भी अत्यंत आवश्यक है और इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।


जींद। बैठक में भाग लेते हुए बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ता।

### त्रिशूल धारण कर शौर्य का परिचय दें युवा

**जींद।** विश्व हिन्दू परिषद् व बजरंग दल की बैठक का आयोजन प्रांत उपाध्यक्ष राधेश्याम चिल्लाना कीअध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में युवा शक्ति को आह्नान किया गया कि 25 दिसंबर वीरवार को अधिक से अधिक संख्या में त्रिशूल धारण कर हिंदू शौर्य का परिचय दें। प्रांत उपाध्यक्ष राधे श्याम चिलाना ने कहा कि भगवान श्रीराम ने अयोध्या का राजपाठ छोड़ा लेकिन धनुष बाण नही। हमारे 33 कोटि देवी, देवताओं के हाथों में शस्त्र हैं। हम शस्त्र चलाना क्यों भूल गए हैं। आतातायी का वध करना हमारी परम्परा रही है। उन्होंने युवा शक्ति को आह्नान किया कि 25 दिसंबर वीरवार को अधिक से अधिक संख्या में त्रिशूल धारण कर हिंदू शौर्य का परिचय दें। जिला अध्यक्ष सुशील सिंगला ने कहा कि हमारी शस्त्र धारण एवं पूजा परम्परा का स्मरण करवाने के निमित्त बजरंग दल द्वारा श्री जयंती देवी पार्क में 25 दिसंबर को विशाल त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। उन्होंने कहा कि सशक्त एवं समरस हिंदू समाज से राष्ट्र का विकास निश्चित है।

---

### उपायुक्त ने समाधान शिविर में सुनीं आमजन की समस्याएं

# शिकायतों का निपटान पारदर्शी ढंग से किया जाए

**पीएमएसएसएस स्कूल भाणा की ओर जाने वाली गली का रास्ता खुलवाने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▸▸। जींद


जींद। समस्याएं सुनते हुए डीसी। फोटो :हरिभूमि

लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में सोमवार को उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान उपायुक्त ने आमजन की विभिन्न समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निपटान समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान शिविर में सीनियर सिटीजन पॉलिसी के तहत निजी बसों में किराये में छूट न मिलने संबंधी शिकायत पर उपायुक्त ने रोडवेज एवं आरटीए विभाग को निर्देश दिए कि निजी बस ऑपरेटरों द्वारा सरकारी नियमों का पालन सुनिश्चित करवाया जाए। नियमों का पालन न करने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि यदि सरकारी नियम निजी बसों पर लागू होते हैं तो उन्हें लागू करवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि आम जनता को लाभ मिल सके। भाणा के ग्रामीणों ने पीएमएसएसएस स्कूल की ओर जाने वाली गली का रास्ता खुलवाने की प्रार्थना की। वहीं गांव फतेहगढ़ निवासी अनीता ने बिजली बिल दुरुस्त करवाने संबंधी शिकायत दर्ज करवाई। गांव ढाढरथ निवासी जसमेर ने फैमिली आईडी में आय कम कराने तथा गांव अलेवा में ट्यूबवेल लगवाने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की।

**ये रहे मौजूद**

इसके अलावा भी विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुईं। उपायुक्त ने सभी शिकायतों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान किया जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार, डीएमसी सुरेंद्र सिंह, नगराधीश मोनिका रानी, डीआरओ राजकुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


नरवाना। समाधान शिविर में समस्याएं सुनते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

### एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में सोमवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर संपन्न हुआ। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और जनसाधारण की समस्याएं सुनी। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं इसी कड़ी में सोमवार को नरवाना में भी उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन हुआ । उन्होंने बताया कि यह शिविर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करना है ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का बराबर लाभ मिल सके और समस्याओं के समाधान से जनसाधारण को राहत पहुंचे। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि समस्याओं का निदान मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों के माध्यम से करवाया जाता है।



कैथल। शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक फोटो: हरिभूमि

## नगर परिषद की चेयरपर्सन एवं कार्यकारी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# महादेव कॉलोनी को अनाधिकृत दिखाए जाने से बढ़ी कॉलोनीवासियों की परेशानी

डेढ साल पहले तक थी वैध, अब बनी अवैध,डेढ़ वर्ष से हालात लगातार होते जा रहे कठिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल शहर की लगभग आधी सदी पुरानी और नगर परिषद क्षेत्र में शामिल महादेव कॉलोनी की गली नंबर 10 के निवासियों के लिए बीते करीब डेढ़ वर्ष से हालात लगातार कठिन होते जा रहे हैं। करीब डेढ़ साल पहले पूरी तरह वैध मानी जाने वाली इस गली की सभी प्रोपर्टी आईडी को नगर परिषद की यूएलबी वेबसाइट पर अचानक "अनअथोराइज्ड" दर्शा दिया गया, जिससे गली में रहने वाले लगभग 70 से 80 परिवार गहरी चिंता और असमंजस की स्थिति में हैं। कॉलोनी वासियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनकी प्रोपर्टी आईडी को अवैध दिखाने की स्थिति वास्तविकता से परे है और एक प्रशासनिक त्रुटि का परिणाम है, जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। इसी गंभीर समस्या को लेकर महादेव कॉलोनी, गली नंबर 10 के समस्त निवासियों ने नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभी गर्ग और नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संदीप सोलंकी को एक ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा को बताते हुए गली में रहने वाले तमाम निवासियों की प्रोपर्टी आईडी को वैध करने की मांग रखी है। ज्ञापन में निवासियों ने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि महादेव कॉलोनी पूरी तरह वैध है और उनकी गली पहले से ही अधिकृत क्षेत्र में शामिल रही है। उन्होंने मांग की कि यूएलबी की साइट पर दिखाई जा रही त्रुटि को जल्द से जल्द ठीक किया जाए और गली नंबर 10 की सभी प्रोपर्टी आईडी को पुनः अथोराइज्ड घोषित किया जाए।



कैथल। महादेव कालोनी फोटो : हरिभूमि

### समान स्थिति में गली नंबर 9 वैध, गली नंबर 10 अवैध

कॉलोनी निवासी वीना गुलाटी, किरण बाला, विकास अरोड़ा, संजय, ऊषा रानी, शीला रानी, राज रानी, वीना, गीता, सुमन, पूजा, संदीप, दीक्षा, मोनिका, यासीन, गुरदयाल, ओजस्वी, मोना, मुस्कान, सुनील, अंजू सहित अन्य नागरिकों ने नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभी गर्ग और कार्यकारी अधिकारी संदीप सोलंकी को सौंपे ज्ञापन में जानकारी दी है कि महादेव कॉलोनी की गली नंबर 9, जो गली नंबर 10 से बिल्कुल सटी हुई है और जहां परिस्थितियां, सुविधाएं और भू-स्थिति लगभग समान हैं, उसे यूएलबी की वेबसाइट पर आज भी वैध (अथोराइज्ड) दिखाया जा रहा है। वहीं गली नंबर 10 की सभी प्रॉपर्टी आईडी को यूएलबी की वैबसाइट पर अवैध कैसे दर्शाया जा रहा है। निवासियों का कहना है कि जब दोनों गलियां एक ही कॉलोनी का हिस्सा हैं, दोनों में समान सरकारी सुविधाएं उपलब्ध हैं और दोनों का विकास एक ही समय पर हुआ है, तो फिर केवल गली नंबर 10 को अवैध दिखाना उचित नहीं है। यह स्थिति नगर परिषद की तकनीकी त्रुटि की ओर इशारा करती है, जिसे शीघ्र सुधारा जाना आवश्यक है।

### 50 वर्ष पुरानी वैध कॉलोनी, फिर भी प्रॉपर्टी आईडी अवैध

महादेव कॉलोनी कैथल शहर की उन पुरानी कॉलोनियों में से एक है, जो करीब 50 वर्ष पहले विकसित हुई थी। कॉलोनी नगर परिषद क्षेत्र में आती है और दशकों से यहां नागरिक पूरी तरह वैध रूप से निवास करते आ रहे हैं। कॉलोनी में सीवरेज व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, पक्की सड़कों, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं सरकार और नगर परिषद द्वारा उपलब्ध कराई गई हैं। गली नंबर 10 के निवासियों का कहना है कि पहले उनकी गली भी पूरी तरह अधिकृत क्षेत्र में शामिल थी, लेकिन करीब एक से डेढ़ वर्ष पहले अचानक उनकी गली की तमाम प्रोपर्टी आईडी को यूएलबी की साइट पर "अनअथोराइज्ड" यानी अवैध दिखा दिया गया। इस बदलाव से न केवल निवासियों को मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है, बल्कि उनके सामाजिक और आर्थिक जीवन पर भी इसका गहरा असर पड़ा है।

### नगर परिषद गंभीरता से कार्य कर रही त्रुटि का जल्द होगा समाधानः चेयरपर्सन

इस पूरे मामले पर नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभी गर्ग ने कॉलोनी वासियों को आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि महादेव कॉलोनी के निवासियों द्वारा दिए गए ज्ञापन के माध्यम से यह समस्या उनके संज्ञान में आई है और नगर परिषद इस पर गंभीरता से कार्य कर रही है। सुरभी गर्ग ने बताया कि नगर परिषद द्वारा पुरानी सीमा के अंदर आने वाली कॉलोनियों की प्रोपर्टी आईडी की एक विस्तृत सूची तैयार की जा रही है। इस सूची में उन सभी प्रोपर्टी आईडी को शामिल किया जा रहा है, जो किसी तकनीकी त्रुटि के कारण अवैध दिख रही हैं, जबकि वास्तव में वे वैध हैं। उन्होंने कहा कि यह सूची जल्द ही हैड ऑफिस भेजी जाएगी जिसके पश्चात सुधार की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। चेयरपर्सन ने यह भी स्पष्ट किया कि पुरानी सीमा के अंदर आने वाली कॉलोनियों में यदि कोई प्रॉपर्टी आईडी त्रुटिपूर्वक अवैध हो गई है, तो उसे करीब 15 दिनों के भीतर ठीक कर दिया जाएगा।

# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

उजाला सिग्नस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में 20 दिसंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अस्पताल के यूनिट हेड रोहित मेहता के नेतृत्व में आयोजित किया गया। अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. गौरव जैन ने कैथल के लोगों का शिविर को मिले समर्थन एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। शिविर के दौरान 168 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और 70 ने हेल्थ पैकेज भी लिया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि कुछ चयनित स्वास्थ्य पैकेजों पर विशेष छूट मार्च माह के अंत तक जारी रहेगी। शिविर में डा. भवानी शंकर (हृदय रोग विशेषज्ञ), डा. विवेक प्रताप (जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन), डा. रितु चौहान (नियोनेटोलाजिस्ट एवं बाल रोग विशेषज्ञ), डा. एसके दास (न्यूरोसर्जन), डा. अनु यादव (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डा. शिवम परमार (जनरल फिजिशियन) और डा. आर्यन कक्कड़ (आर्थोपेडिशियन) शामिल रहे। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि अरुण सराफ ने किया। शिविर में नागरिकों ने भाग लेकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया।

अस्पताल प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन का संकल्प दोहराया।

### शिविर का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना

यूनिट हेड रोहित मेहता ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और प्रारंभिक जांच के माध्यम से विभिन्न बीमारियों की समय रहते पहचान सुनिश्चित करना था। शिविर में बीपी, शुगर, ईसीजी, बीएमडी (हड्डियों की जांच) एवं पीएफटी (फेफड़ों की जांच) जैसी कई महत्वपूर्ण जांचें निःशुल्क की गईं। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक जांचें रियायती दरों पर उपलब्ध कराई गईं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नीमा अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सुरेंद्र अरोड़ा, नरेंद्र निझावन, वीके चावला, अस्पताल के मार्केटिंग मैनेजर मोहित शर्मा, गौरव और रवि मौजूद रहे।

## 130 वाहन चालकों पर ठोका जुर्माना

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सड़क हादसों की रोकथाम के उद्देश्य से 15 दिसंबर से 21 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा गलत लेन में वाहन, लाल नीली लाइट का इस्तेमाल व नशा करके वाहन चलाने वालों तथा प्रेशर हॉर्न व बुलेट बाइक से पटाखे बजाकर या अन्य तरीके से ध्वनि प्रदूषण करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान गलत लेन में वाहन चलाने के 57 ध्वनि प्रदूषण करने के 5, प्रतिबंधित लाल नीली लाइट का इस्तेमाल के 61 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 7 वाहन चालकों के चालान काटे गए।

# पशु अस्पताल की टूटी दीवार बन रही परेशानी का सबब

- पशु अस्पताल की बिल्डिंग के नाम पर यहां कोई सुविधा सरकार ने मुहैया नहीं करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद जैसे बड़े नगर में कोई व्यवस्थित पशु अस्पताल नहीं है। यहां पर पशु अस्पताल के नाम पर एक कंडम घोषित की जा चुकी जर्जर दो कमरों की इमारत है। जो किसी भी समय भरभरा कर गिर सकती है। प्रशासन का राजौंद के इस पशु अस्पताल को लेकर उदासीन रवैया रहा है। कोई भी सरकार रही हो उसने राजौंद के पशु अस्पताल की ओर कभी भी ध्यान नहीं दिया। इस अस्पताल की चारदीवारी गिरी हुई है।

आसपास को लोगों ने गोबर आदि डालकर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है। राजौंद बड़ा नगर है, यहां पर किसान परिवार बहुत बड़ी संख्या में रहते है,जो पशुधन रखते हैं,लेकिन पशु अस्पताल की बिल्डिंग के नाम पर यहां कोई सुविधा सरकार द्वारा मुहैया नहीं करवाई गई। एक डाक्टर की ड्यूटी कैथल से राजौंद अस्पताल में लगाई हुई है। उनके पास राजौंद का एडिशनल चार्ज है। पशु अस्पताल के भवन को देखकर नहीं लगता कि यह पशु अस्पताल है।

# सीवनः मार्केट कमेटी चेयरमैन व वाइस चेयरमैन ने सब्जी मंडी का किया दौरा



सीवन। सब्जी मंडी में आढ़ती व किसानों से बात करते चेयरमैन व वाइस चेयरमैन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

मार्केट कमेटी सीवन के चेयरमैन शमशेर सैनी खानपुर तथा वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल ने संयुक्त रूप से नगर की सब्जी मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडी परिसर में आढ़तियों, सब्जी विक्रेताओं एवं किसानों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। मंडी में मौजूद व्यापारियों और किसानों ने सफाई, पेयजल, शौचालय, बिजली तथा आवागमन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अध्यक्ष व वाइस चेयरमैन को अवगत कराया। इस पर अध्यक्ष शमशेर सैनी और वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल ने सभी को आश्वासन दिया कि मंडी से संबंधित समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और इसके लिए संबंधित विभागों से समन्वय कर जल्द कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। दौरे के दौरान चेयरमैन व वाइस चेयरमैन ने आढ़तियों को संबोधित करते हुए कहा कि सब्जी मंडी के विकास में व्यापारियों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है।

### रहे मौजूद

इस अवसर पर मंडी के ओम प्रकाश मुटरेजा, निदेशक सुदर्शन कोच, शंटी आहूजा, पाली सैनी, भारत, गौरव, लकी, हरजीत सिंह, बिट्टू सहित कई आढ़ती, सब्जी विक्रेता व किसान उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### राजौंद क्षेत्र में लहलहाई गन्ने की फसल

**राजौंद।** राजौंद क्षेत्र के किसानों ने इस बार सैकड़ों एकड़ गन्ने की फसल लगाकर यह साबित कर दिया है कि किसान चाहे तो कुछ भी असंभव नहीं है। कृषि विभाग के प्रचार प्रसार के बाद भी कम पानी वाली खेती की तरफ किसानों का ध्यान नहीं जा रहा था लेकिन क्षेत्र के कई गांवों के किसानों ने अब की बार गन्ने की फसल लगाकर अन्य किसानों के लिए भी एक नई मिशाल कायम की है। किसान रामफल, कुलदीप, शमशेर, किशन, बीरभान ने बताया कि वैसे ही धान की फसल घाटे का सौदा बनकर रह गई है। धान का मोह त्यागते हुए अबकी बार सैकड़ों एकड़ गन्ने की फसल लगाई है। वहीं क्षेत्र के अनेकों किसानों ने सरसों मूंग, अरहर, व बाजरे की फसलें उगाकर एक नयी पहल की है। जिससे अन्य किसानों को भी इसका संदेश मिलेगा और किसान कम पानी वाली फसलों की तरफ अधिक ध्यान देंगे।

### झज्जर में मनाया भूरा खाप का स्थापना दिवस

**कैथल।** गांव देवीगढ़ जिला कैथल सुरेश सिरोही जैलदार के फार्म हाऊस पर राष्ट्रीय भूरा स्वयं सिरोही खाप के पदाधिकारियों की मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें खाप के राष्ट्रीय प्रधान रणवीर किरमच ने बताया की 2 मार्च 2026 को खाप का स्थापना दिवस गांव कालियावास जिला झज्जर में मनाया जाएगा। इस में युवाओं ने खाप में युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया और सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखे । इस मौके पर नसीब भाणा , धर्मपाल , वेदप्रकाश खौखरी , रमेश प्रेमनगर , दयाकिशन , कुलदीप , प्रधान नौगामा खाप हरिओम , रमेश, प्रेम खानपुर , महेन्द्र हाट, सुरेश कुमार समेत सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे । देवीगढ़ के युवा और बुजुर्ग भारी संख्या में स्वागत के लिए पहुंचे। मंच संचालन अजीत खरकडी ने किया।

### मारपीट करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** वर्ष 2018 दौरान कलायत बाजार में लड़ाई झगड़ा मामले में बेलजम्पर आरोपी कलायत निवासी सोनू को एएसआई राजेश कुमार की टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की आरोपी सोनू पर 30 अगस्त 2018 को अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कलायत बाजार में एक युवक पर लाठी व डंडों से हमला करके चोटे मारने तथा असला को लहराते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज है। उक्त मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया था परन्तु आरोपी न्यायालय से जमानत हासिल करके दोबारा न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ। जिसे माननीय न्यायालय द्वारा 8 अगस्त 2025 को पी. ओ. घोषित कर दिया था। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जिसे माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**कैथल।** ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में रामानुजन दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। सर्वप्रथम विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि बढ़ाने तथा रामानुजन के जीवन, संघर्ष और उपलब्धियों से उन्हें प्रेरित करवाने, उनके शोध कार्य और गणित में दिए गए अमूल्य योगदान पर आधारित प्रभावशाली वीडियो दिखाई गई ताकि विद्यार्थी रामानुजन की सोच,तर्क और निरंतर अभ्यास को अपनाने के लिए प्रेरित हो। प्रश्नोत्तरी एवं गणितीय पहेलियों जैसी गतिविधियों में बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। बच्चों द्वारा भिन्न-भिन्न गणितीय आकार में लाए व्यंजन आकर्षण का केंद्र रहे। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ ने बताया कि रामानुजन जी का जीवन हमें निरंतर परिश्रम, आत्मविश्वास और ज्ञान के प्रति समर्पण की सीख देता है।



कैथल। समाजसेवी मनोज चहल कोटड़ा मंदिर निर्माण हेतु सहायता राशि सौपते हुए।

### निर्माणाधीन मंदिर का किया अवलोकन

**कैथल।** गांव जाखौली में स्थित सेठ धन्ना भगत के निर्माणाधीन मंदिर का समाजसेवी मनोज चहल कोटड़ा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर निर्माण कार्य की प्रगति, संरचना और व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा मंदिर समिति के सदस्यों के साथ निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। ईश्वर की कृपा से चहल कंस्ट्रक्शन कंपनी के डायरेक्टर रामफल कोटड़ा की ओर से मंदिर निर्माण जैसे पुण्य एवं धार्मिक कार्य के लिए 1,01,000 रुपए की सहयोग राशि भेंट की गई। इस सहयोग को मंदिर समिति ने बड़े हर्ष और कृतज्ञता के साथ स्वीकार किया। मंदिर समिति ने कहा कि इस प्रकार का सहयोग न केवल निर्माण कार्य को गति देता है, बल्कि समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को भी मजबूत करता है। मनोज चहल कोटड़ा ने कहा कि मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं होते, बल्कि वे समाज को जोड़ने, सेवा और संस्कारों को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं।

# अच्छी सेहत के लिए संतुलित भोजन लेने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल में लायंस क्लब कैथल सिटी के सोजन्य से विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य संबंधी विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जाट हाई स्कूल समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल उप प्रधान बलजिंदर बनवाला महासचिव एडवोकेट रश्मि सिंह ढुल व कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने लायंस क्लब कैथल सिटी के गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों में दांतों से संबंधित रोगों की रोकथाम एवं उचित देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। शिविर के दौरान दंत विशेषज्ञ डॉ. कबीर ढल ने बच्चों को दांतों की सही सफाई, मुख स्वास्थ्य के महत्व तथा दंत रोगों से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बच्चों को दांतों से जुड़ी सामान्य समस्याओं, उनके कारणों एवं समाधान के बारे में सरल भाषा में समझाया गया। साथ ही दंत स्वच्छता से संबंधित व्यावहारिक सुझाव भी दिए गए। डॉक्टर एस के छतवाल ने लड़कियों को महिलाओं संबंधी अनेक रोगों से सावधान रहने के लिए तथा शारीरिक सफाई के बारे में जागरूक किया व अच्छी सेहत के लिए संतुलित भोजन लेने के लिए भी प्रेरित किया। डॉ विपिन मक्कड़ ने बच्चों की आंखों की जांच करते हुए आंख संबंधी रोगों के बारे में उन्हें जानकारी दी।



कैथल। लायंस क्लब के पदाधिकारी जाट स्कूल के विद्यार्थियों के साथ फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

लाइंस क्लब कैथल सिटी के प्रधान एडवोकेट देवेंद्र सिंह राणा, महासचिव रूपम खुराना व कोषाध्यक्ष बलजिंदर बनवाला तथा कार्यकारिणी की अन्य सदस्य सरदार मनिंदर सिंह एडवोकेट, हरनाम मदान, रवि सुखीजा तथा सोमी मिगलानी व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**बैठक** सांसद नवीन जिंदल ने की दिशा बैठक की अध्यक्षता, विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

# विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं: जिंदल

- युवाओं को खेलों से जोड़कर जिले को नशा मुक्त बनाने का लें संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सांसद नवीन जिंदल ने जिला सचिवालय स्थित सभागार में जिला विकास, समन्वय एवं निगरानी समिति की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान सांसद ने जिले में चल रही विभिन्न केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को विकास कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन विभागों के प्रोजेक्ट लंबे समय से लंबित हैं, उनके अधिकारियों से जवाब-तलबी भी की गई।

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि सभी अधिकारी धरातल पर परिणाम दिखाएं, ताकि जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। शहर की यातायात व्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए सांसद ने विशेष निर्देश जारी किए। उन्होंने कैथल शहर में जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए प्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिज और रेलवे एलिवेटेड ट्रैक पर गहन चर्चा हुई। सांसद ने डीसी अपराजिता को निर्देश दिए कि वे इन प्रस्तावों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करें और संबंधित कार्रवाई को तुरंत आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से कैथल की कनेक्टिविटी में सुधार होगा और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

युवा शक्ति को सही दिशा देने के उद्देश्य से सांसद ने खेल विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों को विशेष टास्क सौंपा। जिले के सभी खेल स्टेडियमों की स्थिति को जल्द से जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधाएं मिलनी चाहिए। खेल सुविधाओं को बेहतर बनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। उन्होंने जोर देकर कहा, यदि हमारे युवा खेलों में व्यस्त रहेंगे, तो वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहेंगे और जिले का नाम रोशन करेंगे।



कैथल। सांसद नवीन जिंदल अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डीसी अपराजिता, एडीसी सुशील कुमार, सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश, डीएमसी कपिल शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### तिरंगा हमारी आजादी, राष्ट्रीय गौरव सम्मान का प्रतीक : नवीन जिंदल

- सांसद नवीन जिन्दल ने गुरुकुल तक्षशिला पूंडरी में 54 फुट ऊंचे तिरंगे का ध्वजारोहण किया

**ढांड।** सांसद नवीन जिन्दल ने आज पुण्डरी स्थित गुरुकुल तक्षशिला में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच कर हवन यज्ञ में आहुति डाली। उन्होंने इस अवसर पर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सौजन्य से गुरुकुल परिसर में स्थापित किए गए 54 फुट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का विधिवत रूप से ध्वजारोहण किया। तिरंगे के आरोहण के समय पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया और उपस्थित विद्यार्थियों व शिक्षकों ने राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। ध्वजारोहण कार्यक्रम के उपरांत सांसद नवीन जिन्दल ने गुरुकुल तक्षशिला के विद्यार्थियों से संवाद भी किया। उन्होंने छात्रों को राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि तिरंगा हमारी आजादी, राष्ट्रीय गौरव और सम्मान का प्रतीक है। यह हमे एकता, त्याग और समर्पण की भावना सिखाता है। युवाओं को देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर गुरुकुल प्रशासन ने सांसद नवीन जिन्दल का स्वागत करते हुए उनके द्वारा राष्ट्रभक्ति और युवाओं के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस इस कार्यक्रम के दौरान इंद्रप्रस्थ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित गुरुकुल तक्षशिला कि प्रबंधन समिति ने सांसद नवीन जिन्दल को सम्मानित भी किया। कैथल कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने प्रत्येक भारतीय को तिरंगा फहराने का अधिकार दिलाने के लिए एक लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी है।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तीर्थ धाम पाण्डू-पिण्डारा में दिनांक 29-12-2025 को समय दोपहर 12:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम सचिवालय में तीर्थ पाण्डु-पिण्डारा पर अमावस्या के समय लगने वाली तह बाजारी का ठेका देने के लिए खुली बोली का आयोजन किया जायेगा। जिसकी बतौर जमानत राशि मु.-10000/-रुपये सिक्योरिटी के तौर पर ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे। और बाकी ठेके से संबधित सभी शर्तें मौके पर पढ़कर सुनाई जायेंगी। समय पर पहुंचकर बोली का लाभ उठायें।

सरपंच श्रीमती निलम देवी
ग्राम पंचायत पाण्डु-पिण्डारा, खण्ड-जीन्द (जीन्द)
मो० 94160-87083

खबर संक्षेप

## सीवन में 25 से 27 तक शहीदी जोड़ मेला

**सीवन।** बाबा जोरावर सिंह–बाबा फतेह सिंह लंगर कमेटी सीवन एवं क्षेत्र की संगत की ओर से इस वर्ष भी सालाना शहीदी जोड़ मेले का आयोजन श्रद्धा व सम्मान के साथ किया जा रहा है। यह आयोजन 25 से 27 दिसंबर तक मुख्य मार्ग स्थित वधवा सेलर में आयोजित होगा। यह शहीदी जोड़ मेला साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह तथा माता गुजर कौर जी की महान शहादत को स्मरण करते हुए किया जा रहा है। लंगर कमेटी के सदस्य अमरेंदर सिंह खारा ने बताया 25 दिसंबर की सुबह अखंड पाठ साहिब आरंभ किया जाएगा, भोग 27 दिसंबर को डाला जाएगा।

## अपनी मांगों को लेकर सीपीएलओ ने की बैठक

**पूंडरी।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित हरियाणा पंचायत कंप्युटर ऑपरेटर संघ कैथल द्वारा पुंडरी में एक मीटिंग का आयोजन किया किया। जिसकी अध्यक्षता हल्का प्रधान कुलदीप सिंह बुच्ची ने की। जिसमें प्रधान ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ के तत्वावधान में 24 दिसम्बर 2025 को सीपीएलओ की मांगों को लेकर एक प्रदर्शन किया जाएगा और एक मांग पत्र उपायुक्त महोदया के मार्फत मुख्यमंत्री के नाम सौंपा जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा बहादुरगढ़ के एक कार्यक्रम में सीपीएलओ की मांगों को पूरा करने के लिए आश्वासन दिया। लेकिन आज तक हमारी कोई भी मांग पूरी नहीं हैं। इस अवसर पर विजय कुमार हाबडी, सोहन लाल पाई भारत-भूषण हजवाना, कृष्ण सिकंदर खेडी, जसविन्दर, रामनिवास, गोपाल शामिल रहे।

## बीर बागड़ा मार्ग पर गंदे पानी से बनी परेशानी

**राजौंद।** नगर के बीर बागड़ा मार्ग पर गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इससे वहां से गुजरने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। इतना ही नहीं यहां से ज्यादातर लोगों को पैदल ही निकलना पड़ता है। ऐसे में पिछले लंबे समय से पानी की कोई निकासी न होने कारण सारा पानी सड़क पर बह रहा है। सड़क भी टूट रही है। इस मार्ग पर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से इस मार्ग के राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। नागरिक काला, मंजीत, काका, राम सिंह, जयपाल ने बताया कि नालों की सफाई होने के पश्चात भी नालियां,गलियां व सड़क पानी से भरी रहती है।

# ओपन कराटे प्रतियोगिता में इंडस स्कूल पिल्लूखेड़ा ने जीते पदक

- आरव ने 25 किलोग्राम से कम भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए।

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के विद्यार्थियों ने फोर्थ चैंपियंस कराटे ओपन दंगल हरियाणा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन एवं कठिन परिश्रम का परिचय देते हुए पदक अर्जित किए। आरव ने 25 किलोग्राम से कम भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। याशिका ने रजत पदक जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यांशिका ने भी रजत पदक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। इस सफलता में विद्यालय के कराटे कोच सचिन का विशेष योगदान रहा। जिनके मार्गदर्शन, नियमित अभ्यास एवं प्रेरणा से विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में हर्ष का वातावरण रहा। विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र मडोत्रा ने सभी विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाती है और अन्य को भी प्रेरित करती हैं। विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी इस सफलता पर गर्व व्यक्त किया।

# इंडस पब्लिक स्कूल कैथल में मना क्रिसमस पर्व

- पीटीएम में बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, व्यवहारिक विकास एवं रचनात्मक क्षमताओं पर की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

इंडस पब्लिक स्कूल कैथल में पीटीएम के साथ-साथ क्रिसमस सेलिब्रेशन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष रूप से किंडरगार्टन के नन्हे-मुन्ने बच्चों की सहभागिता आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम की शुरुआत अभिभावकों के स्नेहपूर्ण स्वागत के साथ हुई।

तत्पश्चात शिक्षकों द्वारा बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, व्यवहारिक विकास एवं रचनात्मक क्षमताओं पर अभिभावकों से सार्थक संवाद किया गया। पीटीएम के उपरांत आयोजित क्रिसमस सेलिब्रेशन में बच्चों ने डांस, राइम्स एवं विभिन्न रोचक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। सांता क्लॉज़ की वेशभूषा में सजे नन्हे बच्चों ने पूरे वातावरण को आनंद और उत्सव से भर दिया।इस अवसर पर प्रधानाचार्या तनु पूनिया ने अपने संबोधन में अभिभावकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास में विद्यालय और परिवार की संयुक्त भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला।




कैथल। इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी क्रिसमस डे मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### उपहार व मिठाइयां बांटीं

विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक सहारण ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चा अपने- आप में विशिष्ट है और विद्यालय का उद्देश्य उनकी छिपी हुई क्षमताओं को पहचान कर उन्हें निखारना है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को क्रिसमस के महत्व के बारे में सरल शब्दों में जानकारी दी गई तथा प्रेम, खुशी बांटने और आपसी सहयोग का संदेश दिया गया। अभिभावकों ने शिक्षकों के समर्पण और प्रयासों की सराहना की। यह आयोजन बच्चों के लिए न केवल यादगार रहा बल्कि प्रेरणादायक भी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का समापन बच्चों को छोटे-छोटे उपहार एवं मिठाइयां वितरित कर किया गया।

## बिना बताए सफाईकर्मियों के छुट्टी पर रहने से व्यवस्था चरमराई

# सफाई कर्मियों के गायब रहने से अस्पताल में बिगड़े हालात

### आईसीयू वार्ड और पोस्ट नेटल वार्ड में सफाई न होने की शिकायतें की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद




जींद। नागरिक अस्पताल स्थित पोस्ट नेटल वार्ड, जिसमें सफाई नही हो रही तथा पोस्ट नेटल वार्ड में फर्श की सफाई न होने से मौजूद गंदगी। फोटो : हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में सफाई कर्मियों की मनमानी ने मरीजों की जान जोखिम में डाल दी है। वहीं स्वास्थ्य अधिकारियों को भी परेशान करके रख दिया है। लगातार छुट्टियों पर रहने वाले सफाई कर्मी वार्डों की सफाई करने में लापरवाही बरत रहे हैं। जिससे वार्डों में वातावरण अस्वच्छ हो गया है। खासकर आईसीयू वार्ड और जच्चा-बच्चा वार्ड में सफाई न होने से मरीजों व स्वास्थ्यकर्मियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इस मामले में चिकित्सा अधिकारियों तक शिकायतें पहुंच चुकी हैं और अब बिना बताए छुट्टी पर रहने वाले कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में दस बेड का आईसीयू वार्ड है। इसके अलावा नई बिल्डिंग में पोस्ट नेटल वार्ड है जहां प्रसव के तुरंत बाद जच्चा व बच्चा को स्वास्थ्य अधिकारियों की निगरानी में उपचार के लिए रखा जाता है। जिसमें मां का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, स्तनपान एवं शिशु की देखभाल शामिल होती है।

दोनों ही वार्ड में सफाईकर्मियों की नियुक्ति की गई है। कई सफाई कर्मी बिना किसी वैध कारण के छुट्टी पर रह रहे हैं और इस बारे में स्वास्थ्य अधिकारियों को भी अवगत नहीं करवाया गया है। जिससे वार्डों में गंदगी, फर्श गंदे, बाथरूम अस्वच्छ और मेडिकल वेस्ट का निपटान भी प्रभावित हो गया है। एक मरीज के परिजन ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मेरी बहन पोस्ट नेटल वार्ड में भर्ती है लेकिन सफाई न होने के कारण बदबू से बैठा भी नहीं जा रहा है। वहीं संक्रमण का डर सता रहा है। डॉक्टर तो दवा दे रहे हैं लेकिन वार्ड का यह हाल देखकर मन उदास हो जाता है। जबकि नवजात शिशुओं और गर्भवती महिलाओं के लिए यह वार्ड संवेदनशील होता है और यहां स्वच्छता बेहद जरूरी है। एक नर्स ने बताया कि सफाई कर्मियों के बिना बताए छुट्टी पर रहने से सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

### जवाब-तलबी होगी : पीएमओ

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. रघुवीर पूनिया ने बताया कि सफाई कर्मियों के बिना बताए छुट्टी पर रहने की शिकायत मिली है। जो कर्मचारी बिना सूचना के छुट्टी पर हैं, उनसे लिखित स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। यदि लापरवाही पाई गई तो कड़ी कार्रवाई होगी। जिसमें वेतन कटौती (नो वर्क-नो पे) भी शामिल है। तत्काल प्रभाव से अतिरिक्त सफाई स्टाफ की व्यवस्था की जा रही है ताकि मरीजों को कोई असुविधा न हो।

### अधिकारियों तक पहुंचीं शिकायतें

वार्डों में सफाई न होने की शिकायत स्वास्थ्य अधिकारियों तक भी पहुंची हैं। जिस पर अस्पताल प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। फिलहाल अतिरिक्त सफाई कर्मियों की व्यवस्था कर वार्ड में सफाई को लेकर जैसे-तैसे काम चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने भी इस मामले में सख्त कार्रवाई की बात कही है।

# डीएवी स्कूल में रामानुजन जयंती पर गणित प्रश्नोत्तरी आयोजित, परखा ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गणित विशेषज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस पर डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में गणित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डीएवी प्रधानाचार्या रश्मि विद्यार्थी ने रामानुजन के विषय में बताया कि महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जाता है। वे विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। रामानुजन ने गणित के क्षेत्र में अद्भुत योगदान दिया और विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन किया। इस मौके पर कई एक्टिविटीज की गई। जैसे भारतीय गणितज्ञों पर स्टूडेंट्स द्वारा बनाए गए स्केच, गणितज्ञों पर टॉपिक पर बात हुई। सविता ने वैदिक मैथ्स पर लेक्चर दिया व छात्रा लारिसा ने रामानुजन के विषय में बताया। रामानुजन के जीवन पर बच्चों को एक छोटी डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई तथा प्रश्नोत्तरी भी की गई। कक्षा तीसरी से पांचवीं तक प्रतियोगिता करवाई गई। इस मौके पर प्रवीन, अनिल कुंडू, जसबीर, मंजू परुथी, अनुसूया, सविता सांगवान, मधु भोला, तान्या, गीता नंदवाल, अंकिता नारा, पूजा पटवा ने प्रतियोगिता का आयोजन करवाया।




जींद। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

# ध्रुव पब्लिक स्कूल ने देवी मंदिर में की तुलसी पूजा, बच्चों को समझाया महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

फतेहपुर स्थित माता मनसा देवी मंदिर में ध्रुव पब्लिक स्कूल की तरफ से तुलसी पूजा का धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने पूरे अनुशासन और आस्था के साथ तुलसी माता की पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रवीण ढिल्लों ने किया। इस मौके पर भाजपा जिला सचिव निधि मोहन भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को तुलसी पूजा के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्व के बारे में सरल और प्रेरणादायक शब्दों में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तुलसी न केवल धार्मिक दृष्टि से पूजनीय है, बल्कि आयुर्वेद में भी इसके अनेक औषधीय गुण बताए गए हैं, जो मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। पूजा के दौरान विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चारण के साथ तुलसी माता की आरती की और भारतीय परंपराओं को आत्मसात करने का संदेश दिया। पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल बना रहा। प्रधानाचार्या प्रवीण ढिल्लों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कारों और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का नैतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास भी करना है।



पूंडरी। फतेहपुर में तुलसी पूजा करते हुए बच्चे व स्टाफ।



कैथल। शिविर में ध्यान करते साधक। फोटो :हरिभूमि

## ध्यान कक्ष एवं अन्नप्रसादम हॉल का भव्य उद्घाटन

**कैथल।** अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस के पावन अवसर पर 21 दिसंबर 2025 को नारायण पिरामिड ध्यान केंद्र एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का साक्षी बना। इस अवसर पर केंद्र के द्वितीय तल पर नवनिर्मित ध्यान कक्ष एवं अन्नप्रसादम हॉल का विधिवत उद्घाटन एवं रिबन-कटिंग समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 3:30 बजे उद्घाटन समारोह के साथ हुआ, जिसमें वरिष्ठ पिरामिड मास्टर्स एवं साधकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके पश्चात सायं 4:30 से 5:30 बजे तक सामूहिक ध्यान सत्र आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में साधकों एवं ध्यान प्रेमियों ने सहभागिता कर शांति, सकारात्मकता और आत्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। वरिष्ठ पिरामिड मास्टर्स ने बताया कि विश्व ध्यान दिवस का उद्देश्य समाज में शांति, सद्भाव और आत्म-जागरूकता को बढ़ावा देना है। नए ध्यान कक्ष एवं अन्नप्रसादम हॉल के शुभारंभ से ध्यानियों को गहन ध्यान की अनुभूति होगी और ध्यान साधना को नई दिशा मिलेगी।

# डॉ. रमेश इंडियन डेंटल एसो. के प्रदेशाध्यक्ष बने

- बैठक में डॉ. रमेश पांचाल सर्वसम्मति से चुने गए प्रदेशाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



इंडियन डेंटल एसोसिएशन हरियाणा के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमेश पांचाल।

नागरिक अस्पताल जींद के डिप्टी सिविल सर्जन डेंटल डा. रमेश पांचाल को सर्वसम्मति से इंडियन डेंटल एसोसिएशन हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। रोहतक में हुई एसोसिएशन की बैठक में नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव का एजेंडा रखा गया। इसमें सर्वसम्मति से डा. रमेश पांचाल को इंडियन डेंटल एसोसिएशन हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। डा. अजय खत्री को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी एक बार फिर दी गई। एसोसिएशन के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डा. रमेश पांचाल ने कहा कि बैठक में यह फैसला लिया गया कि एसोसिएशन ओरल कैंसर और ओरल हेल्थ के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बड़ा अभियान चलाएगी। डा. पांचाल ने बताया कि पिछले दिनों इंडियन डेंटल एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव डा. अशोक डोबले ने मुंबई में डी 20 इंटरनेशनल सेमिनार का आयोजन किया था। चुनावी बैठक में डा. सतीश गर्ग, डा. जोगेंद्र जांगड़ा, डा. नीतू, डा. विकास, डा. मनीष गुप्ता, डा. चंचल, डा. राकेश रोहिला, डा. अजय छिकारा, डा. आशीष सिक्का, डा. नेहा सैनी आदि खास तौर पर मौजूद रहे। इस मौके पर महासचिव डा. अजय खत्री ने कहा कि इंडियन डेंटल एसोसिएशन प्रदेश के डेंटल सर्जन के हितों की रक्षा करने में लगी हुई है। डा. संकल्प, डा. अंकित झा और डा. अर्कप्रवा साहा ने छोटे बच्चों के दांतों के उपचार के समय उनके मुंह को अर्ध बेहोश करने के लिए नाइट्रस ऑक्साइड सेडेशन बारे नई तकनीक की जानकारी दी।

### एचसीडीएसए के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके डॉ. पांचाल, कोविड में बनाया था रिकॉर्ड

इंडियन डेंटल एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए डा. रमेश पांचाल हरियाणा सिविल डेंटल सर्जन एसोसिएशन के भी प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। कोविड में डा. रमेश पांचाल ने प्रदेश में सबसे ज्यादा लोगों के कोरोना सैंपल लेने का रिकॉर्ड बनाया था। कोरोना में सबसे ज्यादा मरीजों की जांच और उपचार का रिकॉर्ड भी डॉ रमेश पांचाल ने अपने नाम किया था।

न्यूज डायरी

## सीवन में डोर-टू-डोर कचरा उठाने में घोटाले का आरोप



**सीवन।** सीवन नगर में डोर-टू-डोर कचरा उठाने की व्यवस्था में हो रहे कथित घोटालों का मामला शीतकालीन सत्र के दौरान हरियाणा विधानसभा में गूंजा। हलका गुहला के विधायक देवेंद्र हंस ने सदन में यह गंभीर सवाल उठाते हुए नगर की सफाई व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाए। विधायक देवेंद्र हंस ने कहा कि सीवन नगर में सफाई कार्य के लिए सुगम स्वच्छता एजेंसी को 22 वर्षों का लंबा ठेका दिया गया है, जबकि यह एजेंसी लगातार नियमों का उल्लंघन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर से कचरा उठाने के लिए जितने वाहनों की आवश्यकता है, उतने वाहन एजेंसी के पास उपलब्ध ही नहीं हैं और जो वाहन मौजूद हैं, उनकी हालत भी बेहद खराब है। डोर टू डोर होने वाले सूखे और गीले कचरे के निस्तारण के लिए एजेंसी के पास कोई ठोस और अलग व्यवस्था नहीं है। ट्रॉलियों का वजन बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने के लिए कर्मचारी उनमें ईंट, ब्लाक, और बजरी के टुकड़े डालते हैं। उन्होंने कई बार पत्र लिखे, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।



## आंगनबाड़ी केंद्र में नशा के खिलाफ किया जागरूक

**सीवन।** गांव मांडी सदरा के आंगनबाड़ी केंद्र में नशा विरोधी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोमल रानी ने महिलाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कोमल रानी ने महिलाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे परिवार की पहली जिम्मेदार संरक्षक होती हैं और बच्चों तथा युवाओं को सही दिशा दिखाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि महिलाएं जागरूक रहेंगी तो परिवार और समाज को नशे से बचाया जा सकता है। कार्यक्रम के में आंगनबाड़ी कोमल रानी, आंगनवाड़ी वर्कर सुखवंत कौर, निशा रानी, पिंकी देवी, सोनिया, सविता देवी, रजविंदर कौर, रीना, सरबनाज, परमजीत कौर ने भाग लिया।

## बस स्टैंड व बाजार में अव्यवस्था से आ रही दिक्कत

# शौचालयों पर ताले से बढ़ी आमजन की परेशानी

### शौचालयों की देखरेख का ठेका 5 दिसंबर को हुआ खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना




जुलाना। बस स्टैंड पर बने शौचालय पर लगा ताला। फोटो :हरिभूमि

जुलाना कस्बे में आमजन की सुविधा के लिए नए सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण का दावा किया जा रहा है लेकिन दूसरी ओर पुराने शौचालयों पर नगर पालिका द्वारा ताले लगाए जाने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर बस स्टैंड और बाजार क्षेत्र में आने वाले यात्रियों, दुकानदारों व स्थानीय नागरिकों के लिए यह समस्या गंभीर बन गई है। नगर पालिका क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालयों की देखरेख का ठेका पांच दिसंबर को समाप्त हो गया था। इसके बाद से शौचालयों पर ताले लटका दिए गए हैं। करीब 18 दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक नया ठेका आवंटित नहीं हो पाया है। ऐसे में खुले में शौच की स्थिति बन रही है, जिससे स्वच्छता व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बस स्टैंड पर प्रतिदिन सैंकड़ों यात्री आते-जाते हैं। शौचालय बंद होने के कारण महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। बस अड्डा जुलाना इंचार्ज सुरेश रंगा ने बताया कि बस स्टैंड का शौचालय नगरपालिका के अधीन आता है। शौचालय पर ताला क्यों लगाया गया है, इसकी जानकारी केवल नपा अधिकारी ही दे सकते हैं। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए जल्द समाधान होना चाहिए।

### 10 दिनों में नया टेंडर लगा देंगे

*जुलाना नगर पालिका सचिव सौरभ जैन ने बताया कि शौचालयों की साफ.सफाई और देखरेख के लिए ठेकेदार का टेंडर पांच दिसंबर को समाप्त हो चुका है। नए ठेकेदार के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है और लगभग 10 दिनों में नया टेंडर कर दिया जाएगा। इसके अलावा नपा द्वारा शौचालयों को खोलकर सफाई करवाई जा रही है।*

## बिस्मिल व अशफाक उल्ला को किया याद

**ढांड।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन (एआईडीवाईओ) एवं ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन (एआईडीएसओ) द्वारा काकोरी के अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह एवं राजेंद्र नाथ लाहिड़ी की शहादत की स्मृति में कौल गांव में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एआईडीएसओ के प्रदेश सचिव उमेश मौर्य ने मुख्य वक्तव्य दिया, जबकि एआईडीवाईओ के जिला नेता विक्रम सिंह ने भी अपने विचार रखे। प्रदेश सचिव उमेश मौर्य ने कहा कि काकोरी के शहीदों ने देश के सामने हिंदू-मुस्लिम एकता की एक महान मिसाल पेश की।

## राजौंद के बाजार में अवैध पार्किंग से बनी परेशानी



**राजौंद।** नगर में अवैध पार्किंग व अवैध रूप से दुकानों के बाहर रखे सामान से नगर की सुंदरता को जहां ग्रहण लग रहा है वहीं यह समस्या दिन प्रतिदिन एक विकराल रूप धारण करती जा रही है। पार्किंग की सुविधा न होने के कारण मुख्य मार्ग में बाजारों में अवैध रूप से वाहन खड़े किए जा रहे हैं। जिससे बाजारों व मुख्य मार्गों पर जाम लगना भी अब तो आम बात बनती जा रही है। नगर में मुख्य मार्ग को चौड़ा करने के बाद व बीच में डिवाइडर बनने के भावजूद भी जाम जैसी स्थिति से छुटकारा नजर नहीं आ रहा। हालांकि नगर पालिका प्रशासन द्वारा कुछ समय पहले यहां अभियान चलाकर दुकानों के बाहर रखे सामान पर होर्डिंग्स इत्यादि को उठाकर जुर्माना भी किया गया था। उसके बाद भी इनमें सुधार नजर नहीं आ रहा।